हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

04 जुलाई 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने देशभर के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को कचरा प्रबंधन में वेस्ट टू वेल्थ की नीति अपनाने का आह्वान किया है।
- हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मजबूती स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं की मजबूती पर निर्भर है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 की ट्रॉफी का अनावरण किया।
- आज कुरुक्षेत्र में पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा की जयंती पर कुरुक्षेत्र के विकास में उनके योगदान को याद किया गया ।
- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में महिला चौपाल बनाने की घोषणा की।

*****************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने देशभर के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को कचरा प्रबंधन में उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए वेस्ट टू वेल्थ की नीति अपनाने का आह्वान किया है।आज मानेसर, गुरुग्राम में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए ने कहा कि इससे न केवल स्वच्छता अभियान को नई दिशा मिलेगी, बल्कि शहरी स्थानीय निकायों के आर्थिक संसाधनों में भी वृद्धि होगी।राज्यपाल ने कहा कि यह गौरव की बात है कि देशभर से आए प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में न केवल विचार-विमर्श किया, बल्कि शहरी विकास से जुड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को भी आपस में साझा किया। इसके साथ ही, शहरी निकायों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक और उपयोगी चर्चा भी हुई, जो भविष्य की नीति निर्माण में मार्गदर्शक साबित होगी।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की, जिससे देशवासियों के मन में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच और जागरूकता आई है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में समाज को व्यापक जन-जागरण के माध्यम से जोड़ें, ताकि शहरों को और स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

उन्होंने निकायों में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेज़ी से लागू करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाया जाए। यह कार्य मजबूत लोकतंत्र के बिना संभव नहीं है, और लोकतंत्र की मजबूती स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं की मजबूती से ही जुड़ी है।

***************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 की ट्रॉफी का अनावरण किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि खेलों से अनुशासन, दृढ़ निश्चय और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि भारत में खेल, राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

*भारत में खेल राष्ट्रीय एकीकरण का एक शक्तिशाली साधन रहे जो ओलंपिक में या किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तिरंगा लहराता है तो सभी देशवासी रोमांचित हो जाते हैं। देवियों और सज्जनों फुटबॉल की लाखों लोगों के दिलों मे विशेष जगह है।*

***************************************************************************

हरियाणा के पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा है कि कुरुक्षेत्र के पौराणिक इतिहास को जिंदा रखने के लिए पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा आयोजित भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि इस महान व्यक्तित्व ने कुरुक्षेत्र के विकास को ही अपना लक्ष्य बनाया। । इसके लिए बकायदा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की स्थापना की। अब इस बोर्ड के माध्यम से प्रदेश सरकार 48 कोस के तीर्थों का करोड़ों रुपए की लागत से जीर्णोद्धार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह कुरुक्षेत्र को विश्व मानचित्र के पटल पर लाने के लिए कार्य कर रहे है।कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा ने अपना जीवन समाज को समर्पित किया। अब उनके जीवन से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिले और उनके जीवन पर शोध हो इसके लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है।

***************************************************************************

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एन टी ए  ने आज कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-सीयूईटी 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा देश के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

*************************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में महिला चौपाल बनाई जाएगी। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र के नारायणगढ़ मार्ग पर स्थित सभी गांवों को अम्बाला छावनी फीडर से बिजली की आपूर्ति की जाएगी।श्री विज ने आज अंबाला छावनी में पंजोखरा साहिब व अन्य गांवों से आए लोगों की समस्याएं सुनते समय यह जानकारी दी।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह गाँव अब बब्याल सब स्टेशन से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बिजली संबंधी शिकायत हेतु गांव गरनाला में बिजली शिकायत केंद्र जल्द ही संचालित किया जाएगा।श्री विज ने मौके पर ही बिजली अधिकारियों को पंजोखरा साहिब व अन्य गांवों में बिजली से जुड़ी समस्या का हल करने के निर्देश दिए।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि गांवों में बनने वाले महिला चौपाल एक प्रकार से महिला सांस्कृतिक केंद्र होगा जहां वह बैठकर भजन, कीर्तन व अन्य कार्य कर पाएंगी। इसके लिए हर चौपाल में हारमोनियम, ढोलक व अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी।हिम्मतपुरा व अन्य स्थानों से आए लोगों द्वारा  विशेष धर्म की फिल्म दिखाकर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की शिकायत पर श्री विज ने  पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

*************************************************************************

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारतीय डाक पारंपरिक संदेश वितरण प्रणाली से बहुत आगे निकल गया है और यह अब देश भर में एक लाख 64 हज़ार से अधिक सेवा केन्द्रों के साथ देश का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स नेटवर्क संचालित करता है। आकाशवाणी समाचार के साथ एक पॉडकास्ट में उन्होंने बताया कि डाक विभाग शीघ्र ही डिजीपेन (DigiPIN) शुरू करेगा, जो एक जियो-कोडेड एड्रेस सिस्टम है। यह देश के सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में भी डाक पहुंचाने को सक्षम करेगा।

*आज सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। तो यह डाक विभाग का एक अंग बने और इसलिए पहली बार डाक विभाग में एक चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर को हमने रखा। हर डाक के के हाथ में जो पहले छुट्टियों का बंडल होता था अब उसे एक हैंडेड पोर्टेबल मोबाइल के आधार पर हम लोग ने दिया है तो एक सिटी और हमने पोजीशन की है और हर एक वर्टिकल के साथ एक वाइस सिटी हो क्योंकि उस आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर के आधार पर ही इसे लॉजिस्टिकल पावर हाउस हम लोग बनना चाहते हैं।*

*************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा है कि पार्टी के जिला स्तरीय संगठन की घोषणा जल्द कर दी जाएगी।पंचकूला में भाजपा कार्यालय पंचकमल में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आज भी 18 जिलों के जिला अध्यक्षों और प्रभारियों से संगठनात्मक विस्तार को लेकर चर्चा हुई है। कल 9 जिलों के प्रभारियों के साथ चर्चा हुई थी। उन्होंने बताया कि संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा ने प्रदेश में 27 जिले गठित किए हैं।भाजपा कार्यालयों को लेकर उन्होंने कहा कि 17 कार्यालयों का उद्घाटन हो चुका है, अब 6 जुलाई को झज्जर, सिरसा और कुरूक्षेत्र के जिला कार्यालयों का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। पानीपत और महेंद्रगढ़ में भी भाजपा के जिला कार्यालय 15 अगस्त तक लगभग तैयार हो जाएंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ''मन की बात' को लेकर उन्होंने कहा कि हरियाणा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने 20 हजार 387 बूथों पर कार्यक्रम सुना और सरल ऐप पर अपलोड़ किया। उन्होंने कहा केवल 242 बूथ बचे हैं, आने वाले समय में 100 प्रतिशत बूथों पर मन कि बात कार्यक्रम सुना जाएगा।कावड़ यात्रा को लेकर श्री बडौली ने कहा हरियाणा सरकार ने कांवड़ लाने वाले युवाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह एक धार्मिक यात्रा है । सभी को इस यात्रा को भक्ति भाव के साथ शांति से पूरा करना चाहिए।

*************************************************************************